आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए सोलह अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

एक बहुत ही सकारात्मक माहौल दिख रहा है। इन्हीं विषयों को लेकर के मैने आज अखबारों में एक लेख लिखा है। मेरे अपने विचार मैने साझा किये हैं। लेकिन मैं आज आपसे आग्रह करता हूं। आप इस लेख को जरुर पढ़े, औरों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें और हम सभी राजनीतिक दलों को प्रेरित करें, उनका उत्साहवर्धन करे की वह उमंग के साथ 16, 17, 18 संसद में इस विशेष काम के लिए जब हम मिल रहे हैं, तो इसको पारित करें और सब मिलकर के इसका जश्न मनाए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि दो हजार उन्तीस के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान के साथ आयोजित हों।

हमने कुछ वर्ष पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था, और सभी राजनीतिक दलों ने सहमति से किया था। और सबकी इच्छा है कि 2029 में जब लोकसभा के चुनाव होंगे तब हमारे देश के नारी शक्ति को जनप्रतिनिधियों के रूप में लोकसभा में विधानसभाओं में 33 प्रतिशत स्थान मिलना ही चाहिए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में हथकरघा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बुनकरों की आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकरों को तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। उन्होंने बुनकरों को डिजिटल प्लेटफार्म और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। श्री योगी ने अधिकारियों को सौर ऊर्जा से संचालित पावरलूम को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। बैठक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 2 लाख बुनकर राज्य की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार व स्वावलंबन की कहानी हैं। इनका सम्मानजनक जीवन सरकार की प्राथमिकता है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा खरीफ सीजन–दो हजार छब्बीस के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को दी गई मंजूरी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। इस फैसले के लिए उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। नई दिल्ली में कल हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह सब्सिडी पिछले खरीफ मौसम में दी गई सब्सिडी से चार हजार तीन सौ सत्रह करोड़ रुपये अधिक है।

खरीफ सीजन के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी स्कीम में 41534 करोड़ रूपीज का सब्सिडी का पैकेज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कोविड हो चाहे वेस्ट एशिया में कनफ्लिक्ट हो, किसान भाइयों के लिए हमेशा एक तरीके से सेफ्टी शील्ड बनके खड़े हुए हैं और किसी भी तरह के फर्टिलाइजर में ऑप्स एंड डाउन्स जो भी आए कभी उसका प्रभाव हमारे किसानों पर पड़ने नहीं दिया है।

****

केन्द्रीय सामाजिक और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार ने आज वाराणसी के खुशीपुर स्थित समेकित क्षेत्रीय केन्द्र–सीआरसी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजन और वरिष्ठजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। डॉक्टर कुमार ने कहा कि सीआरसी जैसे केन्द्र समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने 'क्रॉस डिसेबिलिटी शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र' का भी उद्घाटन किया।

****

महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं को नेपाल से वाराणसी ले जा रही एक यात्री बस आज दोपहर में वाराणसी– गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाजीपुर के नन्दगंज थानाक्षेत्र के नैसारे इलाके में अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जबकि करीब डेढ़ दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हैं।

****

जौनपुर के केराकत कोतवाली थानाक्षेत्र के देवकली बाजार में गैस पाइपलाइन से जुड़े कार्य के दौरान कल गहरे गढ्ढे में अचानक मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मौत गयी। हमारे जौनपुर प्रतिनिधि ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से वहां राहत और बचाव कार्य के बाद मजदूरों के शव निकाल लिए गए।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से बारह अप्रैल तक तेज सतही हवा चलने की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

****